हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

दो पक्षों में खूनी संघर्ष मामले में 8 आरोपी गिरफ्तार 10



श्रावण मास का चौथा व अंतिम सोमवार आज, शिवमय ... 11





## खबर संक्षेप

### 87 बालिकाओं को वितरित की गई सायकिल



**लवन ।** हायर सेकेंडरी स्कूल सरखोर मे सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वी के 87 बालिकाओं को सायकिल वितरित किया गया । यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरखोर के सरपंच मोहन कुमार बंजारे, उपसरपंच ईश्वर पटेल, समस्त पंचगण, जनपद सदस्य शांति बाई कोसले, एस एम डी सी के अध्यक्ष अंतराम साहू एवं समस्त सदस्य गण, प्रभारी प्राचार्य किशोर कुमार साहू, व्याख्याता गण योगेन्द्र कुमार सोनवानी, रामेश्वर प्रसाद साहू, विजय कुमार प्रजापति, गोविंद कुमार राजपूत, व्यावसायिक शिक्षक शिव शक्ति साहू, प्रेमलता साहू एवं एस एम सी शिक्षक कुमारी मधु, नारंगे, धान बाई जांगड़े तथा अंशकालीन स्वीपर बुधवनतीन डहरिया की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

### मामूली बात पर दो पक्षों के बीच मारपीट



**महासमुंद।** ग्राम टुरीडीह के अंडा दुकान के पास मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी जितेश बाघमारे निवासी ग्राम टुरीडीह ने बताया कि वह 2 अगस्त की रात करीबन 9.30 बजे अंडा दुकान के सामने बैठा था, वहां पर गांव के प्रकाश बाघमारे भी था, जिससे उसने पूछा कि तुम इतने दिन से कहा थे, यह सुनकर आरोपी प्रकाश बाघमारे उत्तेजित होकर तुम कौन होते हो मुझे पूछने वाला कहकर व पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। इस दौरान उसके परिवार पोतदार बाघमारे, प्रमोद बाघमारे, पुन्नीलाल बाघमारे ने भी वहां डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं प्रार्थी प्रकाश बाघमारे निवासी टुरीडीह ने पुलिस को बताया कि 2 अगस्त के रात्रि करीबन 9.30 बजे वह अंडा दुकान के सामने बैठा था, जहां गांव का जितेश बाघमारे मुझे इतने दिन से कहा था कहते हुए व पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच व मारपीट करने लगा। इसके बाद आरोपी के पिता नूपनरेंद्र बाघमारे व उसके भाई हर्ष बाघमारे ने भी आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर और जान से मारने की धमकी दी। दोनों ही मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सौगात : सुव्यवस्थित व सुविधायुक्त शहरों का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता: डिप्टी सीएम अरूण साव

# बलौदाबाजार के विकास के लिए 5 करोड़ की घोषणा रामसागर और मुरुम तालाब के सौंदर्यीकरण को भी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित गार्डन चौक में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया। उन्होंने अटल परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इसके साथ ही 4 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने नगर पालिका बलौदाबाजार में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम क़ो सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन है जिसमें अटल परिसर का लोकार्पण एवं नालंदा परिसर का भूमिपूजन जैसे महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी की एक-एक गारंटी क़ो हमारी सरकार पूरा करने का कार्य कर रही है। जब से हमारी सरकार बनी है तब से विभिन्न प्रकार के कार्य निरंतर जारी है। प्रदेश के शहरों क़ो सुन्दर, सुव्यास्थित एवं सुविधायुक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने क़ा काम शुरू हो चुका है और तेज गति से निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि बलौदाबाजार के रामसागर तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए 2 करोड़ एवं मुरुम तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए 80 लाख रुपये स्वीकृत की गई है। उन्होंने बलौदाबाजार में सुव्यवस्थित सब्जी मण्डी संचालन ▶▶ शेष पेज 11 पर

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया अटल परिसर का लोकार्पण, नालंदा परिसर का भूमिपूजन

#### अटल जी के सपनों को पूरा करने का संकल्प

श्री साव ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न स्व श्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा देश व प्रदेश में किये गये विकास कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि शहर से लेकर गांव तक जो भी विकास कार्य हुए उसका श्रेय अटल जी क़ो जाता है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के माध्यम से गांव -गांव सड़क पहुंचाकर विकास के रास्ते खोले। श्री बाजपेयी जी के स्वप्न क़ो पूरा करने एवं प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प क़ो साकार करने की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है।






#### नालंदा परिसर से मिलेगी कोचिंग की सुविधा

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार जिला अभी भी काफी पिछड़ा है एवं विकास की गति तेज करने की जरूरत है। बलौदाबाजार नगर क़ो स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। उन्होने कहा कि नालंदा परिसर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग करने वाले परीक्षार्थियों के लिए बड़ी सुविधा होगी। अब उन्हें कोचिंग के लिए अन्य प्रदेश का रुख नहीं करना पड़ेगा।

### अच्छे संस्कार व विचार के साथ समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत



**बलौदाबाजार** । उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में आयोजित साहू समाज के सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं प्रतिभावान छात्रों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। इसके पूर्व उन्होंने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में नवनिर्मित सामाजिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह क़ो सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि साहु समाज द्वारा बहुत ही सुंदर सामाजिक भवन का निर्माण कराया गया है। इस सुंदर भवन की तरह ही अपने समाज क़ो भी बनाना होग़ा। प्रदेश में सबसे बड़ा साहु समाज है इसकी प्रतिष्ठा बनाए रखना होग़ा। समाज एकजुट होकर आगे बढ़े। अच्छे संस्कार और विचार के साथ अपने समाज क़ो आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होने कुरीतियों क़ो विकास में बाधक बताते हुए इसे समाज से दूर करने की बात कही। वर्तमान में मोबाइल व इंटरनेट के बढ़ते उपयोग और उसके दुष्परिणामों के प्रति सचेत रहने की अपील करते हुए कहा कि आज हर हाथ में मोबाइल है और लोग इसमें व्यस्त है। इसके दुष्परिणाम के बारे में सोचना होगा और केवल अच्छी जानकारी के लिए उपयोग क़ो बढ़ावा दें। उन्होने छात्र -छात्राओ से कहा कि परीक्षा में मेरिट आने में अपनी मेहनत के साथ अपने माता -पिता व गुरुजनों का भी उतना ही योगदान है। उन्होंने कहा कि जीवन में नैराश्य ▶▶ शेष पेज 11 पर

- प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

#### ऑडिटोरियम परिसर में किया गया मां के नाम पौधारोपण

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने समाज की मांग पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए 16 लाख 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ऑडिटोरियम परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।

### अरुण साव व मंत्री टंकराम वर्मा का पलारी में हुआ स्वागत

**पलारी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा बलौदाबाजार दौरे के दौरान नगर पंचायत पलारी के साईं मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू के नेतृत्व में फूल मालाओं व गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का पहली बार नगर आगमन हुआ। वे बलौदाबाजार के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे नगरीय प्रशासन मंत्री के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए भी नगर पंचायत परिवार कि तरफ से माननीय मंत्री जी को बधाई देते हुए अध्यक्ष महोदय व स्वच्छता दीदी स्वच्छता कमांडो सहित पूरे नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी ने माननीय मंत्री का अभिनंदन किया । नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगर पंचायत पलारी को स्वच्छ सर्वेक्षण में 1 स्टार रेटिंग मिलने पर नगर अध्यक्ष गोपी साहू को बधाई शुभकामनाएं दिया। तहसील साहू समाज व नगर साहू समाज के पदाधिकारियों ने भी माननीय मंत्री जी का स्वागत किया। ये रहे उपस्थित इस अवसर पर एसडीएम निकुंज कुंजाम, सीएमओ मनोज बंजारा, सभापति लेखु राम वर्मा, सभापति कुमार धीवर, पार्षद डोमार वर्मा, पुनीत निषाद, पार्षद प्रतिनिधि भोला वर्मा, मनोज वर्मा, साधराम साहू, राजेंद्र साहू, ईश्वर साहू, वीरेंद्र साहू, पुनीतराम साहू, हेम कुमार जायसवाल, लल्ला, दुर्गा प्रसाद साहू, सफाई दरोगा महेंद्र वर्मा, मनीष यादव, महेश्वर साहू, नारायण सेन, आनंद यादव, जय कुमार टंडन, संजय साहू, शंकर वर्मा, पार्वती, सारथी, नन्द वर्मा, हेमलता वर्मा, अन्नू वर्मा, तीजिया साहू, चंद्रिका वर्मा आदि उपस्थित थे।

- स्वच्छता में 1 स्टार रेटिंग मिलने पर उपमुख्यमंत्री ने दी बधाई



## पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को पकड़ा, साथियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक आदतन अपराधी को पकडा और उसके पास से मोटरसाइकिल बेचने से मिली राशि से शेष बची राशि 1000 रू बरामद किया आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भाटापारा शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी किया था । भाटापारा शहर क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। जिससे पूछताछ पर यह पता चला कि 11 जून को आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भाटापारा से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 एडी 2231 टीवीएस राइडर चोरी किया गया था। चोरी करने के पश्चात आरोपी द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को बेच दिया गया। प्रकरण में चोरी का मोटरसाइकिल को आरोपी से थाना जरहागांव जिला मुंगेली में दर्ज अपराध में जप्त किया गया है।

- चोरी की बाइक मुंगेली जिले में हुई जब्त, आरोपी से 1 हजार रुपये बरामद



## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा में 3306 अभ्यर्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 3 अगस्त 2025 क़ो किया गया । इस परीक्षा में 3306 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 463 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी अरुण सोनकर ने बताया कि प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 11 बजे से अपरान्ह 1:15 बजे तक शांतिपूर्ण सम्पन्न आयोजित हुई। परीक्षा हेतु कुल 3769 अभ्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। परीक्षा के लिए जिले में 12 केंद्र बनाए गये थे । ▶▶ शेष पेज 11 पर

## नाबालिग से अनाचार के दोषी को अर्थदंड सहित 28 साल के कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा ग्रामीण पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना के चलते एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 28 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल की अदालत ने सुनाया।

4 जनवरी 2024 को थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा एक नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी के विरुद्ध धारा 363, 366, 376 एवं धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करते हुए उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर, चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपी द्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना पाया गया।

- भाटापारा ग्रामीण पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना से आरोपी को मिली सजा
- न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला



#### सजा और जुर्माना

अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी अजय मिरी उम्र 21 साल निवासी ग्राम खोखली थाना भाटापारा ग्रामीण को भादवरा 363 में 3 वर्ष कठोर कारावास एवं 100 रु का अर्थदंड, धारा 366 में 5 वर्ष कठोर कारावास एवं 100 रु का अर्थदंड, धारा 6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष कठोर कारावास एवं 500 रु का अर्थदंड से दंडित किया गया है तथा सभी सजाएं साथ-साथ चलाए जाने का आदेश दिया गया है। इस प्रकार आरोपी को कुल 28 वर्ष कठोर कारावास के साथ कुल 700 का जुर्माना आदेशित किया गया है। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना एवं जांच कार्रवाई प्रधान आरक्षक यशवंत सिंह एवं प्रधान आरक्षक गिरीश टंडन थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा किया गया है।

### ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर जोर, कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

# कांग्रेस संगठन सुदृढ़ीकरण को लेकर मंडल सेक्टर एवं बूथ कमेटियों के पुनर्गठन पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्व में गठित मंडल, सेक्टर एवं बूथ कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर पुनः गठन किए जाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।



जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक का संचालन प्रभारी सुशील शर्मा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने किया। इस दौरान सुरेंद्र शर्मा, जनकराम वर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, शैलेश नितिन त्रिवेदी, राकेश वर्मा, दिनेश यदु, रूपेश सिंह ठाकुर और विक्रम पटेल सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने संगठन की मजबूती के लिए ऊर्जावान एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

**ये रहे उपस्थितः** बैठक में जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र बंजारे, संतोष तिवारी, सुरेंद्र जायसवाल, अनिल साहू, मनोज प्रजापति, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, पार्षद अंजनी गोविंद पात्रे, ममता सुभाष राव, श्रद्धा मनीष वर्मा, डीगेश्वरी रविंद्र नामदेव, सलमान शेख, सुरेश घृतलहरे, ▶▶ शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप



### शालेय क्रिकेट चयन प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी में 2 अगस्त को बालक अंडर -14,17 व 19 विकासखंड स्तरीय शालेय क्रिकेट चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें तिल्दा विकासखंड के विभिन्न स्कूलों के खिलाडियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिए जिसके उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि के रूप में कनकी स्कूल की प्राचार्य मैम सीमा मेश्राम मैम उपस्थित रही और खिलाड़ियों को खेल भावना का परिचय देते हुए अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिए उत्साहवर्धन किया तथा उद्घाटन में तिल्दा विकासखंड के खेल अधिकारी सी. के. वर्मा सर, कनकी स्कूल के पीटीआई पुष्कर साहू सर, कनकी स्कूल के समस्त शिक्षक तथा विभिन्न स्कूल से आए पीटीआई उपस्थित रहे चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए माना रायपुर जाएंगे।

### कौहाकुडा में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक





**कसडोल।** शासकीय प्राथमिक शाला कौहाकुडा संकुल केंद्र नवागांव, विकासखंड कसडोल में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक पालक-शिक्षक मेगा बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई तथा उपस्थित सभी अतिथियों एवं पालकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बैठक का संचालन संस्था प्रमुख जी.पी. यादव प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षक आर.पी. दीवान ने किया। उन्होंने बैठक के मुख्य एजेंडे—पढ़ाई का महत्व, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान, सामाजिक अंकेक्षण, जाति-निवास, आधार आईडी, तनावमुक्त अध्यापन, शाला का वातावरण, खेलकूद गतिविधियां एवं पालक-शिक्षक-बच्चों के बीच समन्वय जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों ने मुस्कान पत्रिका का वाचन किया तथा पहाड़ा सुनाकर अपनी शैक्षणिक प्रगति का प्रदर्शन किया, जिससे पालकगण अत्यंत उत्साहित हुए और बच्चों की पढ़ाई की सराहना की। बैठक में SMC अध्यक्ष मणिराम पैकरा, रामायण यादव, भोगसिंह यादव, समलसिंह बरिहा, जामुनसिंह पैकरा, फ़रिंता, जितेंद्र, करणसिंह, चंद्राम, नितेश कुमार, चंपाबाई, रमशीला, सुरुजबाई, शिवकुमारी, सीताबाई, शिवानी, सुकृता, स्कूली बच्चे तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सरसींवा में फोर-लेन का निर्माण को नगर से बाहर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवा

सारंगढ़ से रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130-बी के अंतर्गत कुम्हारी से सारंगढ़ तक प्रस्तावित फोर-लेन सड़क परियोजना को लेकर सरसीवा नगर वासियों ने प्रस्तावित मार्ग को नगर के बाहर से निर्माण करने की मांग की। नगर वासियों ने कहा कि यदि नगर के मध्य से गुजर गया तो सैकड़ों परिवारों को विस्थापन और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इसी आशंका के चलते स्थानीय नागरिकों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और वैकल्पिक बायपास मार्ग की मांग की।

## नगरवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, विरोध प्रदर्शन की दी चेतावनी

### आंदोलन की दी चेतावनी

नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया। तो वे चरणबद्ध आंदोलन, नगर बंद, धरना और प्रदर्शन जैसे लोकतांत्रिक उपायों को अपनाने के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। किंतु जनता की एकजुटता और आंदोलन की आहट ने जरूर प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।



### जनसुनवाई न होने पर आक्रोश

स्थानीय लोगों ने यह आरोप भी लगाया कि परियोजना से पहले न तो कोई जनसुनवाई की गई। न ही किसी प्रकार का सामाजिक या पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन किया गया है। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि योजना को जल्दबाजी और एकतरफा तरीके से लागू किया जा रहा है। जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के विपरीत है।

नागरिकों का कहना है कि प्रस्तावित सड़क मार्ग नगर के अत्यंत व्यस्त और घनी आबादी वाले हिस्से से होकर गुजरता है। जहां दोनों ओर लगभग 150 आवासीय मकान और 150 से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठान दशकों से स्थापित हैं। यदि सड़क इसी मार्ग से निर्मित होती है तो न केवल लोगों को अपने घरों और दुकानों से निष्कासित होना पड़ेगा। बल्कि, उनका संपूर्ण आजीविका तंत्र भी तहस-नहस हो जाएगा।व्यापारियों, रहवासियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने एक स्वर में प्रशासन से अपील की है कि सड़क का निर्माण नगर की सीमाओं के बाहर से बायपास के रूप में किया जाए ताकि विकास के साथ-साथ जनजीवन भी सुरक्षित रह सके। उन्होंने

## अपराध : पुलिस पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, पत्थरबाजी भी हुई

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष मामले में 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

हरिभूमि फॉलोअप

बलौदाबाजार जिले में कसडोल थाना अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर दो गांव वालों के बीच मारपीट के बाद हत्या का मामला सामने आया है। यह पूरा मारपीट खूनी रंजिश में तब्दील हो गया जिसमें एक युवक की मौत भी हो गई थी वहीं एक युवक गंभीर रूप घायल है। दरअसल जिले के कसडोल थानांतर्गत ग्राम झबड़ी और मड़कड़ा गांव के कुछ युवकों के बीच पुरानी रंजिश के चलते बीते 12 जुलाई को जबरदस्त मारपीट हुआ था। मारपीट की कसडोल थाने में मड़कड़ा गांव के युवकों ने एफआईआर दर्ज कराई।

लगभग 18 दिन बाद भी पुलिस की उदासीनता के चलते आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। जिससे युवकों में बदले की भावना जगी व पिछले मारपीट में शामिल झबड़ी गांव के दो युवक बीते 1 अगस्त को ग्राम मड़कड़ा के पास से गुजर रहे थे तभी मड़कड़ा गांव के कुछ युवकों ने मौका पाकर एक राय होकर 12 जुलाई की मारपीट में शामिल आरोपियों से बदला लेने के लिए मारपीट किया यह मारपीट खूनी रंजिश में तब्दील हो गया। युवकों ने टांगिए से मृतक एवं उसके साथी पर वार किया इसमें एक युवक नानू कौशिक की मौत हो गई व दूसरा युवक अमन वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका इलाज जारी है। आपको बता दे मृतक पहले से आदतन अपराधी था।

हत्या के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस जब ग्राम मड़कड़ा पहुंची तो ग्रामवासियों का पुलिस पर आक्रोश फूटा और ग्रामीणों ने गांव के चौक पर पुलिस को घंटों रोके रखा। ग्रामीणों की मांग थी कि 12 जुलाई के मारपीट की घटना में अगर झबड़ी गांव के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाता तो ये नौबत न आती।

ग्राम मडकडा में शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए दिनांक 2 अगस्त को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं पुलिस बल के साथ ग्राम मडकडा पहुंचे। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम मडकडा वासियों से ग्राम में शांति बनाए रखने की अपील की गई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं ग्रामवासियों से भेंट कर उनसे सीधे संवाद किया गया तथा उनके द्वारा ग्राम के बच्चों के सांथ मिलकर उन्हें चॉकलेट भी वितरण किया गया। संपूर्ण प्रकरण में अभी तक 4 आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में जांच विवेचना तथा शांति व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी कसडोल ग्राम मड़कड़ा में ही कैंप किए हुए हैं। उपरोक्त ग्रामों की गतिविधियों पर सतत निगाह रखी जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक ने की शांति की अपील







### गिरफ्तारी

मामले में पुलिस ने हत्या में शामिल 5 आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस ने की। मामले में धारा 127 (1), 296, 191 (2), 191 (3), 190, 109, 103 (1), 324 (4), 324 (5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था जिसमें 1. अजय केंवट (27), 2. लक्की केंवट उर्फ लालू (21), 3. रामभरोस यादव (26), 4. सुखदेव यादव (26) ये चारों ग्राम मडकडा थाना कसडोल के निवासी हैं। 5. राजू यादव उम्र 50 साल की गिरफ्तारी की है। वहीं 12 जुलाई के मारपीट वाले मामले में भी लगभग 20 दिन बाद पुलिस ने 4 आरोपियों की गिरफ्तारी है। धारा 296, 351 (3), 115 (2), 318 (4), 109, 309 (4), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 4 आरोपियों 1. अमन वर्मा (19), 2. अखिलेश कौशिक (18), 3. नंदकिशोर पटेल (18), 4. युगल किशोर (25) साल निवासी ग्राम झबडी थाना कसडोल को दिनांक 02.08.2025 को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### आरोपियों की हुई

वहीं मड़कड़ा गांव से आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जब थाना ला रही थी तो गांव के युवकों ने पुलिस की गाड़ी पर पत्थरबाजी भी की थी, उनमें से भी 3 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। जिनमें 1. रामभरोस यादव (26), 2. सुखदेव यादव (26), 3. राजू यादव (50) शामिल हैं। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा सरगर्मी से की जा रही है। वही ग्रामवासियों से पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की है।

## स्काउट्स गाइड्स ने सैनिक भाइयों के लिए भेजीं 6,128 राखियां




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त डॉ. संजय गुहे, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला सचिव डॉ. जगदीश हीरा साहू, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा 6128 राखियां भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्यालय को भेजी जा रही है।

जिले के कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा अन्य छात्रों द्वारा राखियां तैयार की गई। कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं स्कूलों के छात्रों ने देश की रक्षा में तैनात जवानों के लिए रक्षा सूत्र तैयार करने में बढ़ चढ़कर भागीदारी की। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम ने कलेक्टर से मुलाकात कर एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान की जानकारी दी। कलेक्टर दीपक सोनी ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के इस अभियान को सराहा और कहा कि देश के बहादुर सैनिकों के लिए छात्रों द्वारा तैयार की गई राखियां उनक हौसला अफजाई करेंगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला बलौदाबाजार के सभी सदस्य, स्थानीय संघ के सदस्य, विकासखंड सचिवों एवं स्काउटर गाइडर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्काउट गाइड की एक दिवसीय कार्यशाला में की गई राज्य पुरस्कार जांच शिविर की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त डॉ. संजय गुहे, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल के मार्गदर्शन में जिला सचिव डॉ. जगदीश हीरा साहू, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) मनीष बघेल की उपस्थिति में जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा राज्य पुरस्कार जांच शिविर पूर्वाभ्यास हेतु जिले के स्काउटर गाइडर का एक दिवसीय कार्यशाला जिला कार्यालय बलौदाबाजार भाटापारा में आयोजित किया गया। जिसमें जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सूरज कसार द्वारा लॉग बुक एवं वर्क बुक कैसे बनायें विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया।

उन्होंने राज्य पुरस्कार जाँच शिविर में सफल होने के कई टिप्स भी दिए। जिला सचिव डॉ. जगदीश हीरा साहू ने राज्य पुरस्कार जाँच शिविर में समावेशित विभिन्न विषयों आधारभूत तत्व, आंदोलन का ज्ञान, गणवेश, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, आदर्श वाक्य, चिन्ह, सैल्यूट, बायें हाथ मिलाना, झंडे की जानकारी, गांठे, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, दिशा ज्ञान, कंपास, नक्शा बनाना एवं पढ़ना, पायोनियरिंग, कैम्प क्राफ्ट, आग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य पुरस्कार जाँच शिविर में जिला बलौदाबाजार से स्काउट विंग से 50 एवं गाइड विंग से 71 रोवर 06, रेंजर 08 कुल 135 प्रतिभागी भाग लेंगे जो बड़े उत्साह के साथ तैयारी में लगे हुए हैं।

**इनकी रही सहभागिता:** इस कार्यशाला में विकासखण्ड सचिव कसडोल जे आर बारले, योगेंद्र सोनवानी, गंगा राम वर्मा, राजेन्द्र मानिकपुरी, संतोष देवांगन, बुधराम घृतलहरे, ईश्वर साहू, पसीने सर रामेश्वरी साहू, माधुरी श्रीवास, सावित्री वर्मा, रोवर लीडर किशन साहू सहित प्रभारी स्काउटर गाइडर की सक्रिय सहभागिता रही।

# रोशनी फाउंडेशन ठगी मामले में मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास व 1.80 करोड़ का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवा

अंचल के बहुचर्चित रोशनी फाउंडेशन ठगी प्रकरण में विशेष न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन की अदालत ने ऐतिहासिक निर्णय देते हुए मुख्य आरोपी नारायण दास मानिकपुरी को आजीवन कारावास एवं 1.80 करोड़ के कठोर अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह निर्णय उन सैकड़ों पीड़ित निवेशकों के लिए न्याय की आस लेकर आया है, जिनसे करोड़ों रुपए यह कहकर वसूले गए थे कि उन्हें प्रतिमाह 30 प्रतिशत का रिटर्न और एक वर्ष पश्चात संपूर्ण मूलधन लौटाया जाएगा।



27 जनवरी 2024 को अर्जुनलाल जांगड़े सहित लगभग 27 पीड़ितों द्वारा थाना सरसींवा में की गई शिकायत के अनुसार, सेमरिया गांव में नारायण मानिकपुरी ने "रोशनी फाउंडेशन" के नाम से एक निवेश योजना चलाई, जिसमें लोगों को चेक और नकद के माध्यम से धन निवेश के लिए प्रेरित किया गया। जब समय सीमा पूरी होने के बाद भी कोई भुगतान नहीं हुआ, तब मामला उजागर हुआ और विवेचना के दौरान यह सामने आया कि लगभग 250 लोगों से 9 करोड़ 28 लाख 5 हजार रुपए की ठगी की गई थी। तत्कालीन थाना प्रभारी सहायक उप निरीक्षक टीकाराम खटकर द्वारा की गई गहन और सटीक विवेचना में यह स्पष्ट रूप से स्थापित किया गया कि यह एक पूर्वनियोजित, योजनाबद्ध और संगठित आर्थिक अपराध था, जिसमें मुख्य आरोपी के साथ-साथ अन्य सहयोगियों की भी सक्रिय भूमिका रही।

### अन्य आरोपियों को भी हुई सजा

अदालत ने मामले की गंभीरता, निवेशकों की आर्थिक क्षति तथा आरोपी की आपराधिक मानसिकता को ध्यान में रखते हुए यह कठोर दंड सुनाया मुख्य आरोपी नारायण मानिकपुरी को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 75 लाख अर्थदंड धारा 409 (आपराधिक न्यासभंग) के तहत आजीवन कारावास एवं 1 करोड़ रु. अर्थदंड छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 10 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 5 लाख जुर्माना। सह-अभियुक्त रेशम कैवर्त, घासीदास मानिकपुरी, नान्हूदास मानिकपुरी एवं सुखदेव कठौतिया को धारा 420 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 2 लाख जुर्माना उक्त अधिनियम की धारा 10 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1.80 लाख जुर्माना धारा 6 के तहत 3 माह सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।

## 30 साल पहले कंपनी ने किया था वादा, अब तक नहीं निभाया

# चुचरुंगपुर-रावन सड़क पर विकास के नाम पर सिर्फ गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सीमेंट कंपनी द्वारा बनाए गए चुचरुंगपुर-रावन बाईपास मार्ग की दुर्दशा ने आम जनता के लिए यात्रा को दूभर बना दिया है। तीन किलोमीटर लंबी यह सड़क आज गड्ढों का अखाड़ा बन चुकी है, जिस पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क नहीं, बल्कि /"गड्ढों का समंदर/" है, जिस पर चलने के लिए वाहन चालकों को हर पल संघर्ष करना पड़ता है।

लगभग 30 साल पहले जब सीमेंट कंपनी ने इस इलाके में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, तो उसके बाउंड्री वॉल के अंदर से पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) की औरासी-पड़कीडीह सड़क गुजरती थी। इससे कंपनी को परेशानी होने लगी, जिसके बाद उसने प्रशासन के साथ एक समझौता किया। इस समझौते के तहत कंपनी ने वादा किया कि वह अपने बाउंड्री के बाहर से एक बाईपास सड़क बनाएगी और उसका नियमित रखरखाव करेगी।



शासन-प्रशासन ने भी कंपनी के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी और चुचरुंगपुर से रावन तक एक नई सड़क बनाकर कंपनी को सौंप दी गई। लेकिन आज तीन दशक बीत जाने के बाद भी कंपनी ने अपने वादे को पूरी तरह से नहीं निभाया। समय-समय पर सड़क की छिटपुट मरम्मत की गई, लेकिन पूरी तरह से नवीनीकरण नहीं किया गया। नतीजतन, आज यह मार्ग इतना जर्जर हो चुका है कि लोगों के लिए इस पर चलना मुश्किल हो गया है।

**प्रशासन और कंपनी के बीच जिम्मेदारी का पिंग-पोंग_:** इस मामले पर जब लोक निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अनुज शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह सड़क विभाग के अधीन तो है, लेकिन चूंकि सीमेंट कंपनी इसका उपयोग करती है, इसलिए रखरखाव की जिम्मेदारी कंपनी की है। वहीं, सीमेंट के एडमिनिस्ट्रेटिव हेड संजीव मिश्रा ने कहा कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। हालांकि, ग्रामीणों का मानना है कि ये आश्वासन बार-बार दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

### गांवो की उपेक्षा

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सीमेंट कंपनी अपने उत्पादन और विस्तार पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन आसपास के गाँवों की बुनियादी सुविधाओं को नजरअंदाज कर रही है। न केवल चुचरुंगपुर-रावन मार्ग, बल्कि गुमा, सरसेनी जैसे गाँवों की सड़कें भी जर्जर हालत में हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। उनकी मांग है कि सड़क का कंक्रीट या डामरीकरण किया जाए, न कि केवल अस्थायी मरम्मत। अब देखना यह है कि प्रशासन और कंपनी इस मुद्दे पर कितनी गंभीरता दिखाते हैं और कब तक इस समस्या का समाधान होता है।

### 35-40 हजार लोगों की यात्रा हो रही प्रभावित

इस सड़क से लगभग 25-30 गाँवों के निवासी जुड़े हुए हैं, जिनमें छिराही, औरासी, सरसेनी, गूमा, पौसरी, चांपा, खम्हरिया, अमलीडीह, गीतकेरा, टीला, सकरी, गाड़ाभाटा, बोरतरा और परसाडीह जैसे गाँव शामिल हैं। अनुमानित 35-40 हजार लोगों की दैनिक आवाजाही इसी मार्ग पर निर्भर है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की खराब हालत के कारण उन्हें रोजमर्रा के कामकाज में भारी परेशानी होती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, काम पर जाने वाले मजदूरों और बाजार जाने वाले लोगों को इस सड़क पर घंटों लग जाते हैं। वाहनों को भी लगातार खराब होने का खतरा बना रहता है।

## सनराइज इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया ग्रीन डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल के प्रतिष्ठित विद्यालय सनराइज इंग्लिश मीडियम स्कूल में ग्रीन डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण हरियाली से सजा हुआ नजर आया और नन्हे-नन्हे छात्र-छात्राएं हरे रंग के वस्त्रों और किसान की वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली के महत्व और खेती-बाड़ी के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। बच्चों ने सेव एनवायरनमेंट गो ग्रीन और रेस्पेक्ट फार्मर्स जैसे संदेशों के साथ रैली निकाली और छोटे-छोटे नाट्य प्रदर्शन प्रस्तुत किए।

विद्यालय के प्रिंसिपल भिम्मा सिंह बांधे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाली केवल रंग नहीं, बल्कि जीवन का संदेश है। हमें अपने





बच्चों को प्रकृति के करीब लाना चाहिए ताकि वे भावी पीढ़ी के सच्चे संरक्षक बन सकें।/" बच्चों ने अपने घरों से हरी सब्ज़ियों एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ लाकर स्वस्थ भोजन की आदतों को भी अपनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया और /"गो ग्रीन लाइव क्लीन के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप



### चिचिरदा स्कूल में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

**मुंडा** । 1 अगस्त को पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिचिरदा में बैठक आयोजन हेतु समस्त पालको व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र व मुनादी कराकर सूचित किया गया। जिसमें सरपंच जितेंद्र प्रभुवा पंचगण शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वय त्रिलोकी निषाद, खेमिन निषाद सदस्यगण बहुतायत संख्या मे पालक बालक एवं संस्था प्रमुख भीजराम वर्मा, शिक्षक मनोज कुमार ध्रुव, लता ध्रुव, नरदूराम पैकरा, रमेश कुमार दीवान, हरेंद्र साहू, जोगेश्वर चतुर्वेदी, पापूराम वर्मा, प्रभा वर्मा, डिगेश्वर साहू, प्रेम कुमार पटेल, देहुति दीवान, प्यारेलाल पैकरा, उपस्थित होकर शाला विकास व बच्चो के गुणात्मक सर्वांगीण विकास पर खुलकर बात हुई बातचीत के दौरान संस्था प्रमुख द्वारा बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति तथा घरों में भी अध्यापन समय सारणी निर्माण के साथ नैतिक उत्थान पर जोर दिया गया। पालकों ने माना शिक्षकों का आभारपालकों के द्वारा भी शाला के शिक्षको के मेहनत कर्तव्य परायणता की प्रशंसा करते हुए यहां के 3 बच्चो का नवोदय विद्यालय मे चयन होने क्रीडा प्रतियोगिता मे भी विशेष उपलब्धि के लिए शिक्षकों आभार माना। इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी प्रीति बंछोर व संकुल समन्वयक सुशील कुमार सोनवानी ने अपने संबोधन मे पालको शिक्षको के शाला व बालक के प्रति कर्तव्य पर विचार रखे।

### सीएमएचओ ने स्कूली बच्चों को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



**गोपालपुर**। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायकोना बिलाईगढ़ में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें एनीमिया, पोषण एवं स्वच्छता संबंधी विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार की स्वास्थ्य जानकारी विद्यालय में पहली बार दी गई, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को काफी लाभ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. निराला ने एनीमिया के कारण, लक्षण और इसके प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि खून की कमी से बच्चों का बौद्धिक विकास प्रभावित होता है, उनकी सीखने की क्षमता और एकाग्रता कम होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन पर नकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने संतुलित आहार, आयरन की गोली और कृमिनाशक दवाओं के महत्व पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को आयरन गोली खाने के समय दूध या कैल्शियम की दवाएं न लेने की सलाह दी, जिससे दवा का अवशोषण सही तरीके से हो सके। सीएमएचओ ने खून की कमी के मुख्य कारण बताए जिससे कृमि संक्रमण, माहवारी में रक्तस्राव, सिकल सेल रोग और दीर्घकालिक बीमारियां शामिल हैं। विशेषकर लड़कियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और संतुलित आहार लेने के सुझाव दिए गए।

**पर्व : भक्तों ने व्रत रखकर की भगवान शिव की आराधना, मंदिरों में रुद्राभिषेक की तैयारी**

# श्रावण मास का चौथा व अंतिम सोमवार आज, शिवमय हुआ क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

श्रावण मास का चौथा और अंतिम सोमवार आज श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में पूर्ण रूप से डूबे रहने की तैयारी है ग्रामीण भक्तों ने बताया कि ग्राम सहित आस-पास के क्षेत्रों में भक्तों ने दिनभर व्रत रखते हुए विधिपूर्वक भगवान शिव की आराधना करने एवं भक्तों ने बेलपत्र, दूध, दही, घी, शहद आदि पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक करने की जानकारी दिए हैं और भगवान शिव से अपने परिवार की सुख-समृद्धि के साथ साथ देश में भी सभी मिलकर खुशहाली से रहे की कामना की बात बताई है ग्राम के कई मंदिरों में रुद्राभिषेक और विशेष पूजन का आयोजन की तैयारी किया गया है, जिसमें युवा, महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे सभी बढ़-चढ़कर भाग लेते नजर आएंगे।

स्थानीय युवाओं की टोली 'बोल बम' के जयकारों के साथ मंदिरों की ओर कांवड़ लेकर रविवार को ही रवाना हुई भक्तों का मानना है कि सावन का सोमवार भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे उत्तम अवसर होता है। ग्रामीणों ने बताया कि सावन का यह पावन समय पूरे क्षेत्र को शिवमय बना देता है। श्रद्धालुजन पूरी निष्ठा से भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं ताकि उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे।

सावन के सोमवार को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह और भक्ति का माहौल व्याप्त है। लोगों की आस्था और श्रद्धा ने आज के दिन को अत्यंत विशेष बना दिया।



## भवानीपुर-खपरी के कांवड़ियों का जत्था भूतेश्वर महादेव के लिए रवाना, जलाभिषेक होगा आज

**भवानीपुर** । श्रावण माह का महीना चल रहा है और मंदिर देवालों में हर सोमवार भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है 4 अगस्त को श्रावण मास का अंतिम सोमवार है और अंचल सहित आस पास से शिव भक्त अपने मनोकामना पूर्ण करने के लिए शिव मंदिरों में उपवास रख पैदल जल अभिषेक करने पहुंच रहे हैं, कुलेश्वर महादेव मंदिर पातालेश्वर केदारेश्वर मंदिर, सुरंग टीला भूतेश्वर महादेव मंदिर, लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर, भोरमदेव मंदिर, गंधेश्वर महादेव मंदिर, और पाली महादेव जैसे प्रसिद्ध मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को ज्यादा मिल रही है।

राजिम से भूतेश्वर महादेव मंदिर के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह रुकने और प्रसादी की व्यवस्था भक्तों द्वारा की जा रही है। छत्तीसगढ़ में विश्व का सबसे बड़ा स्वयंभू शिवलिंग गरियाबंद जिले में स्थित है इसे भूतेश्वर नाथ के नाम से पुकारा जाता है इन दिनों सावन के पवित्र महीने में भूतेश्वर महादेव के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, बीते सोमवार को करीब 20 हजार से अधिक की संख्या में श्रद्धालु बम बोले के नारे लगाते हुए प्रदेशभर से गरियाबंद पहुंचे थे इसी प्रकार विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत रिवाडीह से 50 कांवरियों खपरी से 100 भवानीपुर से 70 कावड़ियों का जत्था रवाना हुआ खपरी के कांवरिया द्वारा भगवान शिव जी झांकी गीत संगीत भजन करते हुए राजिम से गरियाबंद पैदल यात्रा करते हुए रवाना हुए जिनकी जगह-जगह स्वागत अभिनंदन करते हुए ग्रामीण नजर आए।



### गांवों में भी होगा रुद्राभिषेक

भवानीपुर के कावड़िया श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा कुंड से जल लेकर 70 किलोमीटर तक पैदल केशकाल घाट के गोबराहीन महादेव में जल अभिषेक करेंगे और खपरी के कावड़िया राजिम कुलेश्वर महादेव में जल अभिषेक करने के पश्चात गरियाबंद भूतेश्वर महादेव मंदिर में जल अभिषेक करने जिसे ग्रामीणों द्वारा श्रीफल एवं गुलाल से तिलक लगाकर अभिवादन किया तत्पश्चात रवाना किया गया।

### भूतेश्वर महादेव के लिए आस्था का सैलाब

यह जत्था खपरी व रिवाडीह से भूतेश्वर महादेव में जल अभिषेक करने के लिए रवाना हुए जो राजिम कुलेश्वर महादेव में जल अभिषेक कर वहां से जल उठाकर 50 किलोमीटर की पैदल यात्रा भगवान भोलेनाथ की जय घोष के साथ प्रारंभ कर भजन कीर्तन करते हुए रवाना होंगे और सोमवार की सुबह गरियाबंद में श्री भूतेश्वर महादेव में जल अभिषेक करेंगे सभापति वर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष हमारे गांव से कावड़ियों का जत्था अलग-अलग स्थान में पहुंच भगवान शंकर की शिवलिंग पर जल अभिषेक करते आ रहे हैं सोमवार को गांव के शिव मंदिर में रुद्र अभिषेक का आयोजन भी किया जा रहा है, इस आयोजन में आसपास के ग्रामीण सहित भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

## स्वयंभू शिवलिंग पर श्रावण सोमवार को महा रुद्राभिषेक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ घोटिया



ग्राम वटगन, जो भू-स्वयंभू शिवलिंग की पावन धरा के रूप में विख्यात है, में आज चौथे सोमवार के पावन अवसर पर भक्तिमय आयोजन होने जा रहा है। मान्यता है कि यह प्राचीन शिवलिंग अपने आप आकार में बढ़ रहा है और इसकी पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

■ सिरपुर से आए कांवड़िए करेंगे अभिषेक

इस अवसर पर महा रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक का विशेष आयोजन होगा, जिसे पंडित श्री श्री 108 चिंतामणि तिवारी (बिल्हा, बिलासपुर) द्वारा संपन्न कराया जाएगा। विशेष नमक चमक पाठ के साथ पूजन विधि की जाएगी। साथ ही सिरपुर से आए बोल बम कावड़िए जल लेकर शिवलिंग पर अभिषेक करेंगे। भक्तिमय माहौल को और पवित्र बनाने हेतु भजन-कीर्तन का आयोजन होगा तथा कावड़ियों का स्वागत भी किया जाएगा। ग्राम सरपंच बाबूलाल, जनपद सदस्य उमेश यदु, राजेश शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, मनोज वर्मा और दिनेश वर्मा के सहयोग से भव्य भंडारे की व्यवस्था रखी गई है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव

**महासमुंद**। शहर के शंकर नगर स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सावन महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में एकत्र होकर राधा-कृष्ण की मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना एवं सामूहिक आरती में शामिल हुए। सावन माह की परंपरा अनुसार राधा-कृष्ण की झूला झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में सावन झूला झूला कर महिलाओं एवं बच्चों ने उत्सव का आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें खुश्बू साहू ने प्रथम स्थान और छोटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राधा-कृष्ण झांकी एवं झूला सजावट में शिखा सोनी और कार्यक्रम व्यवस्था में शोभा गोस्वामी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर सरला सोनी, कुमारी सेन, विनोदिन पुरोहित, योगेश्वरी गोस्वामी, पर्वत साहू, सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## श्रावण में शिवकथा सुनने से मिलती है सद्गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

महामाया देवी के पावन धरा ग्राम हिरमी के बालाजी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् शिव महापुराण कथा के सातवें दिन, कथावाचिका देवी राधिका ने त्रिपुरासुर वध का प्रसंग सुनाया।यह कथा शिवपुराण के रूद्र संहिता में वर्णित है । यह प्रसंग शिव पुराण में भगवान शिव और असुर त्रिपुरासुर के बीच हुए युद्ध का वर्णन किया, जिसमें भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध किया था। श्रीमद् शिव महापुराण, भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विस्तृत वर्णन करता है।

■ कथावाचिका ने सुनाया त्रिपुरासुर वध का प्रसंग, कहा- ईश्वर है जीवात्मा का सच्चा मित्र

यह पुराण शिव के कल्याणकारी स्वरूप, रहस्य, महिमा और उपासना का भी वर्णन करता है। सावन के महीने में शिव पुराण का पाठ करने से जीवन में शांति, संतुलन और संयम आता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शिव पुराण का श्रवण करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को कष्टों से मुक्ति प्रदान करते हैं।



### शिव की कृपा से मिलता है कथा सुनने का अवसर



उन्होंने श्रोतावृध्दो कथा को विराम की ओर ले जाते हुये कही सावन के महीने में श्री शिव महापुराण की कथा सुन लेता है उसकी जीवन में कभी दुर्गति नहीं होती। उसकी सद्गति ही होनी है। इसमें कोई संदेह नहीं है। यह बातें देवी राधिका शिव महापुराण कथा में रविवार को कहीं। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की परम पवित्र कथा के श्रवण का अवसर तब तक नहीं मिलता जब तक महादेव की कृपा नहीं होती। हम सब को शिव पर अटल विश्वास रखना चाहिए। विपरीत से विपरीत परिस्थिति में भी अपने मन में संदेह की भावना नहीं लानी चाहिए। शिव महापुराण की कथा के दौरान कहा कि सावन में जो इसे सुनता है, उसकी जीवन में सद्गति होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि भगवान शिव की कथा सुनने के लिए महादेव की कृपा आवश्यक है।

त्रिपुरासुर वध के दौरान श्रोताओ से कथावाचिका ने कहा ईश्वर जीवात्मा का सच्चा मित्र है, जो निरंतर उसके कल्याण हेतु कार्य करता है। उसकी इस अद्भुत कृपा और दया के प्रति कृतज्ञता ही सच्ची भक्ति है।

## पेज 9 के शेष

### सुव्यवस्थित व सुविधायुक्त ...

हेतु कार्य योजना बनाने कहा। कार्यक्रम क्रो रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्ण करने वाले 5 हितग्राहियो क्रो आवास की चाबी सौपा गया तथा 3 हितग्राहियो क्रो राशन कार्ड व 3 हितग्राहियो क्रो पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल, प्रमोद शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित पार्षदग़ण एवं बड़ी नगरवासी उपस्थित थे।

### अच्छे संस्कार व...

और आलस्य कभी न आने दें। ये दोनों आगे बढ़ने में हमेशा बाधक होते हैं। उप मुख्यमंत्री ने धर्मान्तरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोग अपने पुरखो से चली आ रही धार्मिक रीति क्रो त्यागने तैयार हो रहे जो बड़ी गंभीर बात है। समाज क्रो इसके कारणों पर गहन विचार और लोगों क्रो एकजुट करना होग़ा।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, साहु समाज के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार साहु, उपाध्यक्ष मनीराम साहु, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, साहु समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाज के लोग उपस्थित थे।

### प्रयोगशाला परिचारक भर्ती ...

इसमें शासकीय डी.के. महाविद्यालय बलौदाबाजार, मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, सेजेस हिन्दी मीडियम पंडित चक्रपाणि शुक्ल, मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल बलौदाबाजार, पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल न्यू आडिटोरियम अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एम.डी.व्ही. स्कूल बलौदाबाजार, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रिसदा, शासकीय हाई स्कूल सकरी, अम्बुजा विद्यापीठ रवान, शासकीय ज़ीएनए पीजी कॉलेज भाटापारा, मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल भाटापारा एवं पंचम दीवान शासकीय कन्या हाई स्कूल भाटापारा शामिल है।

### कांग्रेस संगठन सुदृढ़ीकरण...

अभिषेक पटेल, गोल्डी मरैय्या, जितेंद्र नवरत्न, सुखदेव साहू, धर्मेंद्र वर्मा, आयुष भतपहरी, चेतेश्वर साहू, यशवंत वर्मा, जय सिंह ठाकुर, राहुल नेगी, प्रवीण सेन, भेनू साहू, अजय भारती, पवन दास मानिकपुरी, भूपेंद्र कुमार सेन, खिलावन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 अगस्त 2025 SHOW TIME
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 12,3,6,9 बजे
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय 12:00, 3:00 बजे
सैयारा
शो समय - 6:00, 9:00 बजे
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### हर शनिवार होगा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



**खरोरा** I ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के द्वारा अब से प्रत्येक शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा I जिसका शुरुवात रायपुर खरोरा स्टेट हाइवे मे स्तिथ दक्षिमुखी हनुमान मंदिर मुरा (पेंड्रावन खार) मे कल 2 अगस्त शनिवार को सामूहिक हनुमान चालिसा का आयोजन, खरोरा ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ विश्वनाथ मिश्रा द्वारा किया गया I जिसमे हनुमान मंदिर के पंडित निमेष शुक्ला, जिला कॉंग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उद्योराम वर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, ब्लॉक प्रभारी गोपी साहू (अध्यक्ष पलारी नगर पंचायत ), पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक, भावेश बघेल कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी, अंकित वर्मा अध्यक्ष धरसीवा विधानसभा युवक कांग्रेस, खूबी डहरिया उपाध्यक्ष विधानसभा युवक कांग्रेस, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष अश्वनी वर्मा,घनश्याम वर्मा, भगबली ध्रुव, अध्यक्ष सरोजनी सहित ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए I

### डाक घर में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं

बसना। जनपद पंचायत बसना के सामने डाकघर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था में नहीं है। कतार में खड़े होकर करते हैं बिजली के आने का इंतज़ार। योजनाएं भी हो रही प्रभावित। बसना नगर में स्थित डाकघर में बिजली के चले जाने से पूरा कार्य ठप हो जाता है। विभाग द्वारा यहां बिजली के लिए किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसके चलते आम लोगों के कार्य प्रभावित होते हैं। बसना नगर में स्थित यह डाकघर तहसील का एक प्रमुख डाकघर है, जहां क्षेत्र में 100 से भी अधिक गाँव के लोग योजना का लाभ अथवा अन्य सुविधा लेने पहुंचते हैं।

## निधन

### भूखन नेताम



**भवानीपुर**। ग्राम भवानीपुर के भूखन नेताम (93)का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम भवानीपुर के मुक्तिधाम में किया गया I वह कांग्रेसी नेता थे उनकी अंतिम संस्कार में आसपास के ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए I वह किशनलाल, लखन लाल, तोरण लाल नेताम के पिता थे।

# शिवरतन शर्मा को मिला सदस्यता रत्न सम्मान, किरण सिंह देव ने किया अभिनंदन

## भाजपा के 60 लाख नए सदस्य बनाने के अभियान में निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राजधानी के अटल नगर स्थित मुख्यमंत्री निवास में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा को सदस्यता रत्न सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत अधिक संख्या में नए सदस्यों को पे जोड़ने के अभूतपूर्व कार्य के लिए प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा 60 लाख नए सदस्य बनाने के ऐतिहासिक लक्ष्य को प्राप्त करना अभूतपूर्व रहा।

इस सदस्यता अभियान की शुरुआत 3 सितंबर 2024 को प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पहली सदस्यता दिलाकर की थी। इसके बाद पूरे प्रदेश में चले इस अभियान में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिलकर यह विशाल लक्ष्य हासिल किया। इस गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने संयुक्त रूप से सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किया। समारोह में सम्मानित होने के उपरांत शिवरतन शर्मा ने कहा की सभी कार्यकर्ताओं और आम जनता का आभार यह सम्मान मेरा नहीं, विधानसभा के प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आम नागरिक का सम्मान है। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंह देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, संगठन मंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित सभी के बीच यह सम्मान समारोह आयोजित हुआ।



### सुशासन के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का था अभियानः शर्मा

शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं था, बल्कि राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और सुशासन के मूल मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान था। भाटापारा विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने निष्ठा और समर्पण के साथ घर-घर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से लोगों को अवगत कराया और उन्हें संगठन से जोड़ा। शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल संगठन की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि भाटापारा क्षेत्र की जनता के भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन का प्रमाण है। शिवरतन शर्मा ने सभी भाजपा पदाधिकारियों, युवाओ, महिला मोर्चा, बूथ कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की जड़ें और मजबूत हो रही हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि जनता सुशासन और स्थिर नेतृत्व को महत्व देती है।

## आयोजन : विजेता खिलाड़ी अब जिला स्तर पर दिखाएंगे प्रतिभा

# कराते प्रतियोगिता में भाटापारा के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन मयूर स्कूल में हुआ जहां भाटापारा के अलग-अलग स्कूलों के कक्षा छठवीं से 12वीं तक के 400 से अधिक छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया I उक्त आयोजन में शाश्वत लिटिल स्टार इंग्लिश मीडियम स्कूल सिंगारपुर भाटापारा, स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ देवरी स्कूल, मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल, नगर पालिका बालिका स्कूल, मयूर क्लब भाटापारा, स्वामी आत्मानंद स्कूल, शिवलाल मेहता, लायंस क्लब स्कूल, इग्नाइट गर्ल्स स्कूल भाटापारा एवं विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अन्य स्कूलों से भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कराटे में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों का जिला स्तर के लिए चयन हुआ चयनित खिलाड़ी 6 अगस्त को होने वाले जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता में भाटापारा विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त प्रतियोगिता विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ I प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विकासखंड के व्यायाम शिक्षकों के साथ साथ जिला कराते संघ महासचिव ऋषभ सिंह चौहान, चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सचिव नेमीचंद साहू, योगेश कुर्रे, भानु देवांगन, प्रवीण मोहले, मोहन वर्मा, ओम चोरिया, नेहरू निर्मलकर, नीलम ध्रुव, का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

- 6 अगस्त को होगा चयन ट्रायल

स्कूल विभाग जिला कराते संघ और चैंपियन मार्सलार्ट के नेतृत्व में प्रतिस्पर्धा उक्त आयोजन को संपन्न कराने में शाश्वत लिटिल स्टार स्कूल सिंगारपुर, स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ देवरी स्कूल, मयूर शिशु मंदिर स्कूल भाटापारा का विशेष सहयोग रहा, आयोजन सफलता के साथ संपन्न हुआ।

**ये रहे मौजूद**ः उक्त प्रतिस्पर्धा के दौरान विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी योगेश कटारिया क्रीडा शिक्षक तरुण सेन, चंद्रकांत बांगडे, लोक सिंह दीवान, सुमन सहा उमा प्रसाद राठौर, शाश्वत लिटिल स्टार स्कूल सिंगारपुर से शिव कुमारी साहू मैडम, अजय श्री मैडम, गोदावरी पंसारी मैडम मौजूद रहे।

# खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लॉस वर्ल्ड स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, खेल के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में देव प्रकाश, चंचल साहू, महक, नित्या वैष्णव और वंशिता सहित कई विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

- पौधारोपण कार्यक्रम के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एन.पी. परगनिहा, कुशल वर्मा, अजय यादव और धर्मवीर धुरंधर ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल संयोजन नीरज परगनिहा ने किया। स्कूल प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें प्राचार्य अजय साहू, डायरेक्टर अभिषेक तिवारी, चेयरमैन तुकेश्वर वर्मा और पूरे स्कूल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# विधायक संदीप बोस्टन में वैश्विक विधायी सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

वैश्विक स्तर पर विधायकों के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक खास पहल के तहत कसडोल विधायक संदीप साहू बोस्टन अमेरिका में 4 से 7 अगस्त को होने वाले नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स (एनसीएसएल) द्वारा आयोजित इस बड़े सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं।



विदित हो की भारतीय विधायकों का यह अध्ययन दौरा नेशनल लेजिस्लेटर्स कॉन्फ्रेंस भारत (एनएलसी भारत) के सहयोग से संभव हो पा रहा है।

एनएलसी भारत एक गैर-राजनीतिक मंच है जो भारतीय विधायकों की क्षमता बढ़ाने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक बातचीत को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। यह समूह 24 राज्यों और 21 राजनीतिक दलों के 130 से ज्यादा विधायकों (विधानसभा और विधान परिषद सदस्यों) का है, जो किसी भी अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक मंच पर भारत की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी को दर्शाता है। यह पहल लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए देशों के बीच बातचीत, सहयोग और विचार साझा करने की भावना को दिखाती है।

- कसडोल विधायक करेंगे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व
- 4 से 7 अगस्त तक होगा सम्मेलन

### वैश्विक मंच पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व गर्व की बात

इस मौके पर विधायक संदीप साहू ने कहा की मेरे राज्य और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व वैश्विक मंच पर करना गर्व की बात है। यह अवसर न केवल अंतरराष्ट्रीय अनुभव का है बल्कि वैश्विक सुशासन की अच्छी परंपराओं से सीखने और उन्हें जनता की सेवा में लाने का मौका है। मैं एनएलसी भारत और इसके संस्थापक डॉक्टर राहुल वी. कराड का इस अनुभव के लिए दिल से धन्यवाद देता हूँ।

### एआई, साइबर सुरक्षा और डिजिटल लोकतंत्र पर होगी चर्चा

सम्मेलन में यह समूह दुनिया भर के 6000 से ज्यादा विधायकों के साथ बातचीत करेगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), डिजिटल लोकतंत्र, साइबर सुरक्षा, मतदाता विश्वास और नीतिगत नवाचार जैसे आधुनिक विषयों पर चर्चा में हिस्सा लेगा। साथ ही, अमेरिकी विधायी प्रणाली के बारे में जानकारी और अमेरिका में भारतीय मूल के नेताओं के साथ बातचीत भी इस यात्रा का हिस्सा है। यह भागीदारी भारत के लोकतांत्रिक नेतृत्व की वैश्विक मंच पर मजबूत उपस्थिति और निरंतर विकास की इच्छा को दर्शाती है, विधायक संदीप साहू अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान वहां अध्ययनरत छत्तीसगढ़ी विद्यार्थियों एवं प्रवासियों से मुलाकात कर उनकी अनुभवों को जानेंगे एवं अपना अनुभव साझा करेंगे I अमेरिका की इस यात्रा में छत्तीसगढ़ से बहूत ही अनुभवी वरिष्ठ नेता प्रतिपक्ष डॉ, चरणदास महंत एवं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया भी हिस्सा ले रहे है

# जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में पालक शिक्षक परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

## मोहनलाल बंजारे बने अध्यक्ष, 6 ब्लॉकों के 15 सदस्य चुने गए



### परिषद का उद्देश्य पर दी गई जानकारी

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यादायिनी सरस्वती माता की समकक्ष दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात कक्षा आठवीं की छात्राएं के द्वारा पालको के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने पालकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की इस वर्ष कि उपलब्धियां के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की। विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका मंदोदरी सेठ ने पालक शिक्षक परिषद के गठन के उद्देश्य के बारे में विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का के द्वारा किया गया।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन बलौदाबाजार में पालक शिक्षक परिषद गठन की बैठक प्राचार्य बी गिरिजा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बलौदाबाजार जिले की 6 ब्लॉक से पालक परिषद के सदस्य चुने गए।

विभिन्न ब्लॉक से पलक परिषद के 15 पालक को पालक परिषद के सदस्य के रूप में चयन किया गया। जिसमें बलौदाबाजार ब्लॉक से प्रवीण पांडे, धर्मेंद्र अनंत, अनीता ध्रुव, भाटापारा ब्लॉक से भगवत प्रसाद साहू, नारायण प्रसाद ध्रुव, बिलाईगढ़ ब्लॉक से लक्ष्मी साहू, गजेंद्र सोनी, परमानंद साहू कसडोल ब्लॉक से शिवचरण पैकरा, अजय कुमार वर्मा पलारी ब्लाक से मोहन बंजारे, ओम नारायण वर्मा और कैलाश वर्मा सिमगा ब्लॉक से किशोर कुमार देवांगन, शिवप्रसाद पाल को पालक परिषद के सदस्य के रूप में चयनित हुए। चयनित परिषद के सदस्यों ने अध्यक्ष के रूप में मोहनलाल बंजारे को उपाध्यक्ष के रूप में प्रवीण पांडे को सचिव के रूप में शिवचरण पैकरा को एवं उपसचिव के रूप में अनीता ध्रुव को चयन किया। प्राचार्य बी गिरिजा को पालक परिषद का अध्यक्ष तथा मंदोदरी सेठ, जीपी साहू, दुर्गेश चंद्रा पटेल, राजेंद्र सिक्का, एच पी पटेल,एसके पांडे और प्रदीप कुमार को पालक परिषद के विद्यालय स्तर के शिक्षक सदस्य के रूप में चयनित किया गया। पालक शिक्षक परिषद गठन की बैठक में विद्यालय के समस्त अध्यापक, अध्यापिका जैसे मंदोदरी सेठ, सत्येंद्र कुमार पांडे, दुर्गेश चंद्रा पटेल, ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का, हर प्रसाद पटेल राकेश सिंह, वर्षा मोहन, प्रशांत गायकवाड, प्रदीप कुमार, स्मिता रानी पिलाई, ज्ञान प्रकाश, ममता, अर्चना, संदीप मालवीय आयोजन का गरिमामय कार्यक्रम समापन हुआ।

# पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के लिए वरदानः किसान गणेश

**बलौदाबाजार** I जिले के ग्राम अर्जुनी निवासी किसान गणेश राम वर्मा के लिए शनिवार का दिन खास था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी की और उनके खाते में 2,000 की राशि पहुंची। गणेश राम



वर्मा ने मुस्कुराते हुए कहा कि यह राशि मेरे लिए केवल पैसों की मदद नहीं, बल्कि मेहनत को नई दिशा देने वाला सहारा है। मैं इसे खेत में निंदाई और जुताई के लिए उपयोग करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का मैं तहे दिल से आभारी हूँ। यह योजना उनके जैसे अनगिनत किसानों के लिए सहारा बन गई है। छोटी सी मदद जब सही समय पर मिलती है, तो वह खेतों में हरियाली और किसानों के दिलों में नई उम्मीद का संचार कर देती है। मेहनत और सहयोग के संग सपनों की फसल लहलहा रही है।

## संकुल के 11 स्कूलों में हुआ पौधारोपण, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

# हरियर पाठशाला कार्यक्रम के तहत 500 पौधों का हुआ रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

घिवरा संकुल के सभी 7 प्राथमिक शालाओं, 3 पूर्व माध्यमिक शालाओं और हाई स्कूल में 1 अगस्त 2025 को शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ माँ के नाम 2.0 एवं हरियर पाठशाला की परिकल्पना को साकार करने हेतु संकुल केंद्र घिवरा विकासखंड तें दिनांक 1 जुलाई को वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जिलाधीश डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालयों में 500 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। कार्यक्रम को उत्सव का रूप देते हुए विद्यार्थियों के माता-पिता, ग्राम प्रमुखों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। विभागीय अधिकारियों को सूचित कर उनके मार्गदर्शन में पौधारोपण का यह पुनीत कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एक पेड़ लगाना है, धरती को स्वर्ग बनाना है — इस प्रेरणादायक नारे के साथ छात्रों, अभिभावकों व आमजनों ने बड़े उत्साह के साथ पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया।इसी तरह से शासकीय प्राथमिक शाला सिर्री, केंवराडीह, मादाडीह, खपरीडीह भेजरीडीह, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिर्री में भी पंचायत जनप्रतिनिधियों, महिलाएं, गणमान्य नागरिक गण के साथ साथ संबंधित विद्यालयों के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यगणों ने हरिहर विद्यालय अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण में बड़े ही उत्साह से भाग लिए और पौधों को अपने संरक्षण में वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प भी लिये। शासकीय हाई स्कूल घिवरा में ही 400 पौधों का रोपण किया गया जिसमें अधिकतर छायादार और फलदार पौधे है।




